7 दिसम्बर, 2016

प्रेस आमंत्रण

# जामिया मिल्लिया इस्लामिया में "सार्क चार्टर दिवस" समारोहः श्री मणिशंकर अय्यर और सैयदा सैयदेन हमीद 8 दिसम्बर को कार्यक्रम में शामिल होंगे

'सार्क चार्टर दिवस' के उपलक्ष्य में एक पूर्ण दिवसीय कार्यक्रम यूजीसी–मानव संसाधन विकास केन्द्र, जामिया मिल्लिया इस्लामिया और यूनेस्को मदनजीत सिंह कश्मीर अध्ययन संस्थान, कश्मीर विश्वविद्यालय द्वारा कल दिनांक 8 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा।

'साउथ एशिया फाउंडेशन', एक धर्मनिरपेक्ष, गैर–लाभार्थी एवं गैर–राजनैतिक संगठन की स्थापना यूनेस्को गुडविल अम्बेसेडर मनजीत सिंह द्वारा सन् 2000 में की गई थी। 'साउथ एशिया फाउंडेशन' (एसएएफ) इस कार्यक्रम हेतु आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर रहा है जोकि यूजीसी–मानव संसाधन विकास केन्द्र, जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आयोजित होगा।

एक पैनल चर्चा की अध्यक्षता प्रो. वीना सिकरी, पूर्व विदेश सचिव एवं प्रोफ़ेसर, जामिइ द्वारा की जाएगी। वक्ताओं में श्री संजय कपूर, संपादक, हार्डन्यूज़; सुश्री ज्योति मल्होत्रा, वरिष्ठ पत्रकार; डॉ. हर्निक चेतन, एस्परेंजेन, कॉलोनिकल एवं पोस्ट कॉलोनिकल अध्ययन केन्द्र, लिनेइयूस यूनिवर्सिटी "गर्वनेंस, मीडिया एंड पीस बिल्डिंग इन साउथ एशिया" पर वक्तव्य देंगे। जोकि 10:30 बजे आयोजित होगा इसके साथ ही 2:30 बजे साउथ एशिया पर आधारित एक फिल्म प्रदर्शित की जाएगी। साउथ एशिया पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता और वाद–विवाद प्रतियोगिता भी समारोह के अंतर्गत आयोजित की जाएंगी।

श्री मणिशंकर अय्यर, पूर्व केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। जोकि दोपहर 3:30 बजे यूजीसी–एचआरडीसी, जामिइ में आयोजित होगा। सत्र की अध्यक्षता प्रसिद्ध महिला अधिकार कार्यकर्ता, शिक्षाविद् एवं योजना आयोग, भारत की पूर्व सदस्य डॉ. सैयदा सैयदेन हमीद करेंगी।

प्रो साइमा सईद
मानद उप मीडिया समन्वयक
9891 22 7771